भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2878

जिसका उत्तर 05 अगस्त, 2026 को दिया जाना है।

14 श्रावण, 1948 (शक)

कंप्यूटिंग उपकरणों की खरीद हेतु समीक्षा तंत्र

2878. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा डेस्कटॉप, लैपटॉप और टैबलेट जैसे कंप्यूटिंग उपकरणों की खरीद पर लागू तकनीकी विशिष्टताओं और मानकों को अद्यतन करने के लिए एक निश्चित आवधिक समीक्षा तंत्र स्थापित किया है और यदि हां, तो ऐसी समीक्षा की आवृत्ति और प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(ख) किस तिथि को ऐसी विशिष्टताओं में अंतिम बार व्यापक संशोधन किया गया था और क्या इस बात का कोई आंतरिक मूल्यांकन किया गया है कि उपकरण का प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और ऑन-डिवाइस कंप्यूटिंग क्षमता वैश्विक प्रगति के अनुरूप हैं;

(ग) क्या ऐसी तकनीकी विशिष्टताएं प्रौद्योगिकी-तटस्थ आधार पर तैयार की जाती हैं, जिससे सभी प्रोसेसर आर्किटेक्चर के आधार पर उपकरणों की पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी खरीद की अनुमति मिलती है या इनमें केवल विशिष्ट प्रोसेसर आर्किटेक्चर शामिल हैं; और

(घ) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी विशिष्टताओं के लिए अधिक चुस्त और प्रौद्योगिकी-उत्तरदायी समीक्षा प्रक्रिया को संस्थागत बनाने के लिए बनाई जा रही योजनाओं और उठाए जा रहे कदमों, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से **(घ):** मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने दिनांक 17.04.2021 को डेस्कटॉप, लैपटॉप और टैबलेट के लिए संदर्भ मॉडल तकनीकी विनिर्देश (एमटीएस) जारी किए।

एमटीएस का नवीनतम व्यापक संशोधन दिनांक 19.08.2024 को जारी किया गया, जिसकी वैधता 31.03.2027 (वित्त वर्ष 2026-27 के अंत) तक है। संदर्भ एमटीएस प्रौद्योगिकी-तटस्थ हैं और इनका उद्देश्य उत्पाद या ब्रांड-विशिष्ट विनिर्देशों के बजाय प्रदर्शन-आधारित आवश्यकताओं को निर्धारित करके पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी खरीद को बढ़ावा देना है।

इन विनिर्देशों की समय-समय पर उद्योग के हितधारकों, मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम), प्रोसेसर निर्माताओं और परीक्षण एजेंसियों के परामर्श से समीक्षा और अद्यतन किया जाता है, जिसमें इस क्षेत्र में हो रहे तकनीकी विकास को ध्यान में रखा जाता है। तकनीकी विनिर्देशों की समीक्षा प्रोसेसर प्रौद्योगिकियों, उपकरण प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता, साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं और अंतिम उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं में हुए विकास को ध्यान में रखते हुए की जाती है।

*****